राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 27.04.2019 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 61वीं बैठक श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबं.प्रशि.सं./ राजभाषा/ मासंवि),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि एमसीएल भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्णतया अनुपालन करने हेतु प्रतिबद्ध है।

राजभाषा विभाग,मुख्यालय की सुश्री तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु(राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय के साथ समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनके द्वारा बैठक का सुचारू रूप से संचालन किया गया।

इस दौरान दिनांक 24.01.2019 को सम्पन्न पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की गयी। इसके साथ पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दिसंबर,2018 एवं मार्च,2019 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा अध्यक्ष महोदय के समक्ष की गई। एमसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/ नामित राजभाषा अधिकारीगण,क्षेत्रीय मुख्य राजभाषा अधिकारी/ नामित राजभाषा अधिकारी तथा सहायकगण उपस्थित हुए।

उपरोक्त बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुईं एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्रीमती तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु(राजभाषा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई समाप्त हुई।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक
27.04.2019